राजस्थान के नवाचार व कार्ययोजना का दिया जाएगा प्रजेंटेशन

मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस 4-5 मार्च को दिल्ली में

राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी करेंगे शिरकत

जयपुर, 24 फरवरी (विशेष संवाददाता) : भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ अगले माह दो दिवसीय बैठक आयोजित की जा रही है। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन नई दिल्ली में 4-5 मार्च को होने वाली इस सीईओ कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के निर्वाचन विभाग की उपलब्धियों और कार्ययोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण देंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पदग्रहण के बाद आयोग द्वारा आयोजित इस तरह की पहली कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न राज्यों के चुनाव अधिकारी अपने अनुभवों को साझा कर एक-दूसरे से सीखने के लिए ब्रेनस्टोर्मिंग करेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉन्फ्रेंस के पहले दिन आधुनिक चुनाव प्रबंधन में सूचना तकनीक (आईटी) संसाधनों के उपयोग, प्रभावी संचार-व्यवस्था, सोशल मीडिया के जरिए पहुंच बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में विभिन्न प्राधिकारियों की वैधानिक भूमिका पर विस्तार से चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पहले दिन हुए विमर्श के आधार पर अपने-अपने राज्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। दो-दिवसीय बैठक में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ ही अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अथवा संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, एक जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) और जिला मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी भाग लेंगे।

राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग के प्रस्तुतीकरण में बीते लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान अर्जित सफलताओं, अपनाए गए नवाचारों, मतदाता जागरूकता गतिविधियों और मतदाता सूचियों के अपडेशन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।